# GOVT. DIGVIJAY AUTONOMOUS P.G. COLLEGE, RAJNANDGAON

# STUDENT-CENTRIC ACTIVITIES

# 2022-23

# DEPARTMENT OF YRC

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.)
_वार्षिक प्रतिवेदन- **2022-23**
यूथ रेड क्रॉस

संयोजक- श्री संजय कुमार देवांगन
सहायक प्राध्यापक वाणिज्य
सदस्य- डॉ.प्रियंका सिंह, सहायक प्राध्यापक रसायन
सुश्री वंदना मिश्रा, सहायक प्राध्यापक रसायन
सुश्री  रागिनी, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य

यूथ रेडक्रास समिति छात्रों के सर्वांगीण विकास, उनमें स्वप्रेरित सेवा भाव जागृत करने, रोगियों पीड़ितों, अशक्त तथा असहायों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने तथा राष्ट्रीय स्तर पर विश्व भातृत्व की भावना जागृत करने हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य करती है। वर्ष 2022-23 में यूथ रेडक्रास द्वारा आयोजित गतिविधियां निम्न है:

विश्व स्वास्थ्य दिवस-

यूथ रेडक्रास, रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. प्रमोद महीश विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए हमें क्या-क्या छोटी-छोटी योजनाएं बनानी चाहिए इस संबंध में व्याख्यान प्रस्तुत किए।

तंबाकू निषेध दिवस-

यूथ रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं बायो टेक्नोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच तंबाकू के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी प्रदान करते हुए उनमें जागरूकता लाना था।

रक्तदान शिविर का आयोजन-

यूथ रेड क्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न संगठनों के सहयोग से शहीद श्री वी. के. चौबे एवं अन्य 29 जवानों की शहादत दिवस के अवसर पर 11 जुलाई को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनेक छात्र छात्राओं के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने भी सक्रिय होकर रक्तदान किए।






आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर **-**

20,21 एवं 22 जुलाई 2022 को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों दे तू आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए रेड क्रॉस एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के लगभग 122 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया।







# शिविर के प्रथम दिवस में बने 35 आयुष्मान कार्ड एवं 120 का किया गया टीकाकरण

नवभारत रिपोर्टर ❖ राजनांदगांव.
www.navbharat.org

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग एवं एन.एस.एस./रेडक्रास/रेड रिबन के तत्वावधान में दो दिवसीय कोविड-19 टीकाकरण (प्रथम/द्वितीय/बुस्टर डोज) एवं आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर के प्रथम दिवस 20 जुलाई को महाविद्यालय के लगभग 119



अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने शिविर में पहुचकर कोविड-19 टीकाकरण (प्रथम/द्वितीय/बुस्टर डोज) लगवाया एवं लगभग 33 अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया. द्वितीय दिवस हेतु भी कोविड-19 टीकाकरण एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु शिविर लगाया जाएगा. जिसके लिए दिग्विजय महाविद्यालय के साथ-साथ शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव एवं शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को सूचित किया गया है कि वे अधिक-अधिक से संख्या में पहुंचकर दिग्विजय महाविद्यालय में शिविर का लाभ उठाए.






नशा निषेध सप्ताह का आयोजन -

यूथ रेडक्रास एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में 02 से 8 अक्टूबर 2022 तक मद्य/नशा निषेध सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नशा निषेध के संबंध में पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता एवं विविध कार्य किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुरेखा एम. ए. पूर्व राजनीति विज्ञान एवं नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रगति साहू बीएससी भाग-1 ने प्राप्त किया।












विश्व मधुमेह दिवस का आयोजन-

14 नवंबर 2022 को विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान हेतु राजनांदगांव शहर के प्रसिद्ध हॉस्पिटल कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक एवं मुख्य चिकित्सक डॉ. सुरभि मोंहबे को आमंत्रित किया गया। उन्होंने मधुमेह रोग क्या है इसके कारण परिणाम एवं इससे कैसे बचा जा सकता है इस संबंध में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किए। कार्यक्रम में यूथ रेडक्रास के लगभग 55 विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर मधुमेह रोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किए।













दंत परीक्षण शिविर का आयोजन -

17 नवंबर 2022 को यूथ रेडक्रास द्वारा डेंटल कॉलेज सुंदरा के सहयोग से महाविद्यालय में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित कूल 120 विद्यार्थियों ने उत्सुकता दिखाते हुए दंत परीक्षण कराये। चिकित्सकों ने दंत परीक्षण करते हुए प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर दिए एवं उन्हें उत्तम सलाह भी प्रदान किए।

विश्व एड्स दिवस-

यूथ रेडक्रास द्वारा महाविद्यालय में 1 दिसंबर 2022 को विश्व एड्स दिवस एवं 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक एड्स दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया गया। एड्स दिवस पर एड्स रोग विषय पर व्याख्यान हेतु डॉ. भारती साहू डेंटल कॉलेज राजनांदगांव एवं डॉ. ऋतुजा चौधरी डेंटल कॉलेज

राजनांदगांव को आमंत्रित किया गया। दोनों ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को एड्स रोग से संबंधित विभिन्न बातों से अवगत कराया तथा इससे बचने का उपाय भी बताए। पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। 2 दिसंबर को पोस्टर प्रतियोगिता, 3 दिसंबर को नारा लेखन प्रतियोगिता, 7 दिसंबर को रंगोली प्रतियोगिता, 9 दिसंबर को क्विज प्रतियोगिता, 12 दिसंबर को भाषण प्रतियोगिता तथा 15 दिसंबर को विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में प्रमुख वक्ता श्री जगदीश सोनी ब्लड बैंक काउंसलर, श्री धर्मेंद्र वर्मा आईसीटी काउंसलर एवं श्रीमती मिताली मेश्राम एसआईटी काउंसलर ने एड्स रोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किये।














## विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

विनोद टेम्बुकर

(ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ़) शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 1 दिसंबर 2022 को यूथ रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया, साथ ही विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. भारती साहू एवं डॉ. ऋतुजा चौधरी, शासकीय डेंटल कॉलेज राजनांदगांव ने विद्यार्थियों को एड्स रोग होने के कारण, परिणाम, लक्षण एवं एड्स रोग से बचने के उपाय से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान किए एवं उन्हें जागरूक किए। प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्व एड्स दिवस का आयोजन कब से और क्यों इसकी शुरुआत हुई, इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किये एवं बच्चों को एड्स रोग से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किया गया। व्याख्यान के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा शहर में लोगों को जागरूक करने के लिए एड्स जागरूकता रैली भी निकाली गई।



राजनांदगांव, शुक्रवार 2 दिसंबर 2022 | 02

## विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 1 दिसंबर 2022 को यूथ रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। साथ ही विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. भारती साहू एवं डॉ. ऋतुजा चौधरी, शासकीय डेंटल कॉलेज राजनांदगांव ने विद्यार्थियों को एड्स रोग होने के कारण, परिणाम, लक्षण एवं एड्स रोग से बचने के उपाय से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान किए एवं उन्हें जागरूक किए। प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्व एड्स दिवस का आयोजन कब से और क्यों इसकी शुरुआत हुई, इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किये एवं बच्चों को एड्स रोग से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किया गया। व्याख्यान के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा शहर में लोगों को जागरूक करने के लिए एड्स जागरूकता रैली भी निकाली गई जो महाविद्यालय प्रांगण से शुरू होकर दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक और फव्वारा चौक होते हुए महाविद्यालय में समापन हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर में एड्स जागरूकता संबंधी नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर संजय देवांगन, संयोजक, यूथ रेड क्रॉस द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. वंदना मिश्रा, संयोजक,रेड रिबन क्लब, प्रो. संजय सप्तर्षी कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. प्रियंका सिंह, प्रो. करुणा रावटे, डॉ. अश्वनी शर्मा, प्रो. रागिनी पराते एवं उपस्थित 150 विद्यार्थियों का योगदान रहा।



दौरान युवती की मौत हो गई। मामले में फिलहाल पुलिस ने मृतक युवती के प्रेमी को हिरासत के दौरान शराब भी पी रखा था। लेकिन गर्भपात करवाने के दौरान युवती की मौत हो गई।

रायपुर, शुक्रवार 2 दिसंबर 2022

## एक नजर

### दिग्विजय महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 1 दिसंबर को यूथ रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया, साथ ही विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. भारती साहू एवं डॉ. ऋतुजा चौधरी, शासकीय डेंटल कॉलेज राजनांदगांव ने विद्यार्थियों को एड्स रोग होने के कारण, परिणाम, लक्षण एवं एड्स रोग से बचने के उपाय से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान किए एवं उन्हें जागरूक किए। व्याख्यान के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा शहर में लोगों को जागरूक करने के लिए एड्स जागरूकता रैली भी निकाली गई जो महाविद्यालय प्रांगण से शुरू होकर दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक और फव्वारा चौक होते हुए महाविद्यालय मे समापन हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर में एड्स जागरूकता संबंधी नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर संजय देवांगन, संयोजक, यूथ रेड क्रॉस द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. वंदना मिश्रा, संयोजक,रेड रिबन क्लब, प्रो. संजय सप्तर्षी कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. प्रियंका सिंह, प्रो. करुणा रावटे, डॉ. अश्वनी शर्मा, प्रो. रागिनी पराते एवं उपस्थित 150 विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






## विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत 2 दिसंबर 2022 को शास. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के निर्देशन एवं प्रोफेसर संजय देवांगन व प्रोफेसर वंदना मिश्रा के नेतृत्व में यूथ रेडक्रॉस, रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 14 विद्यार्थी सम्मिलित हुए और एड्स रोग के प्रति जागरूकता लाने के लिए तरह-तरह के पोस्टर बनाए।

प्रतियोगिता में निर्णायक प्रो. यूनुस रजा बेग विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र एवं प्रो हेमंत नंदागौरी सहायक प्राध्यापक विधि थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. संजय सप्तर्षी, प्रो. करुणा रावटे एवं प्रो. रागिनी पराते का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






नफसर इस ओर झांकता है. गाड़ियां ऐसी आड़ी-तिरछी खड़ी की जाती है कि रास्ता तक नहीं होता.

## रैली निकालकर एड्स के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

### विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा शुरू

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में यूथ रेड क्रॉस, रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। साथ ही विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. भारती साहू एवं डॉ. ऋतुजा चौधरी, शासकीय डेंटल कॉलेज ने विद्यार्थियों को एड्स रोग होने के कारण, परिणाम, लक्षण एवं एड्स रोग से बचने के उपाय से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की। प्राचार्य डॉ. टांडेकर ने विद्यार्थियों को विश्व एड्स दिवस का आयोजन कब से और क्यों, इसकी शुरुआत हुई, इस संबंध में जानकारी प्रदान की।

बच्चों को एड्स रोग से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किया गया। व्याख्यान के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा शहर में लोगों को जागरूक करने के लिए एड्स जागरूकता रैली भी निकाली गई जो महाविद्यालय प्रांगण से शुरू होकर दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक और फव्वारा चौक होते हुए महाविद्यालय में समापन हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर में एड्स जागरूकता संबंधी नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया। संचालन प्रोफेसर संजय देवांगन, संयोजक, यूथ रेड क्रॉस ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. वंदना मिश्रा, संयोजक,रेड रिबन क्लब, प्रो. संजय सप्तर्षी कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. प्रियंका सिंह, प्रो. करुणा रावटे, डॉ. अश्वनी शर्मा, प्रो. रागिनी पराते एवं 150 विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पाल के नाम ज्ञापन

समिति ने सीएम व राज्यपाल के नाम डिया प्रभारी विनोद श्रीरंगे ने बताया जाति वर्ग को छत्तीसगढ़ में भी 16 12 प्रतिशत कर दिया गया हैं। एक डने के पश्चात फरवरी 2020-22 में आरक्षण पुन: 16 प्रतिशत करने का आदेश की अनदेखी करते हुए 13 र्वथा अनुचित हैं।



मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण विषय पर व्याख्यान-

यूथ रेड क्रॉस द्वारा आरोग्य भारतीय संस्थान शाखा राजनांदगांव के साथ मिलकर मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता डॉ. प्रवीण प्रभाकर राष्ट्रीय पर्यावरण प्रमुख, श्री अशोक कुमार वार्ष्णेय राष्ट्रीय संगठन सचिव, एवं डॉ. अजय श्रीवास्तव सदस्य आरोग्य भारती संस्थान थे। सभी ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर इसका प्रभाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किए।




विश्व कैंसर दिवस का आयोजन-

4 फरवरी 2023 को यूथ रेडक्रास एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों में कैंसर रोग के प्रति जागरूकता लाने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 17 विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाएं। प्रतियोगिता में प्रो. यूनुस रजा बेग विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र एवं श्री हेमंत नंदागौरी सहायक प्राध्यापक विधि को जज बनाया गया।

राष्ट्रीय कृमि-मुक्ति दिवस एवं माप् अप् दिवस-

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी यूथ रेडक्रास के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 10 फरवरी 2023 को महाविद्यालय के 205 छात्रों एवं 200 छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवाई


का वितरण किया तथा कृमि-मुक्ति माप् अप् दिवस के अवसर पर 15 फरवरी 2023 को महाविद्यालय के 187 छात्र एवं  208 छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवाइयों का वितरण किया गया। दोनों दिनों में कुल मिलाकर महाविद्यालय में 19 वर्ष से कम आयु के कुल 800 विद्यार्थियों को दवाई का वितरण किया गया।



राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस

16 फरवरी 2023 को महाविद्यालय में प्रो. संजय देवांगन के नेतृत्व में यूथ रेडक्रास द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मिशन राजनांदगांव की टीम के साथ मिलकर राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्याख्यान के लिए डॉ. पूजा मेश्राम जिला प्रबंधक शहरी, श्री कौशल शर्मा शहरी पर्यवेक्षक, श्री रवि मेश्राम सचिवालय सहायक, सुश्री गीतू साहू सामाजिक कार्यकर्ता व्याख्यान हेतु उपस्थित रहे। उपस्थित वक्ताओं ने यूथ रेड क्रॉस के विद्यार्थियों को टीकाकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान किए एवं अपने क्षेत्रों में इस संबंध में विद्यार्थियों को सेवा कार्य करने हेतु प्रोत्साहित भी किए। कार्यक्रम में कुल 88 विद्यार्थी उपस्थित रहे।






विश्व रेडक्रास दिवस का आयोजन

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस सोसाइटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में ' विश्व रेडक्रॉस दिवस' पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन के संयोजक प्रो. वंदना मिश्रा द्वारा किया गया। विश्व रेडक्रॉस दिवस के संदर्भ में प्राचार्य डॉ.के. एल. टांडेकर द्वारा रेडक्रॉस दिवस को मनाने का औचित्य, नि:स्वार्थ सेवा कैसे की जाए, चिकित्सा की सेवा उपलब्ध करवाना, मानव कल्याण इसके संबंध में सारगर्भित जानकारी दी गई। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी राजनांदगांव के प्रमुख श्री प्रदीप शर्मा द्वारा रेडक्रॉस के माध्यम से सेवा भाव, प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग, सेवा के लिए स्वयं से प्रयास करना रेडक्रॉस में कैरियर आदि के संबंध में सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर रेडक्रॉस झंडा गीत कु.बबीता साहू एवं कु. कुसुम द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ. प्रियंका सिंह द्वारा रेडक्रॉस दिवस पर उपस्थित विद्यार्थियों को निस्वार्थ सेवा के लिए शपथ दिलाई गई। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यार्थियों ने निबंध भी प्रस्तुत किए जिसका थीम था "स्वास्थ्य के लिए रेडक्रास की भूमिका"। विद्यार्थियों के मध्य यूथ रेडक्रास से संबंधित विषयों पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

आभार प्रदर्शन प्रो. रागिनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूथ रेडक्रास के 80 बच्चों की सहभागिता रही।









विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में यूथ रेड क्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में 5 जून 2023 को प्रो. संजय देवांगन एवं प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ. के. एल. दामले एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. भगवानी निषाद रहे। दोनों अतिथियों ने पर्यावरण जागरूकता पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों के मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों से पर्यावरण से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों को पांच समूह में बांटा गया था और समूह का नाम पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु दिया गया। प्रतियोगिता में *जल* समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में कुल 50 विद्यार्थी उपस्थित रहे।











विश्व रक्तदान दिवस

14 जून 2023 को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के यूथ रेडक्रास प्रभारी प्रो. संजय देवांगन के नेतृत्व में रेडक्रास के छात्र राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शासकीय जिला चिकित्सालय राजनांदगाव में स्वैच्छिक रक्तदान किये।







दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर किया रक्तदान

राजनांदगांव. विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आज शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि, करुणा रावटे, एन सी सी अधिकारी प्रो. एच बी ठाकुर, रेड क्रास कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय देवांगन के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी. और युथ रेड क्रास के संयुक्त तत्वाधान में जिला अस्पताल राजनांदगांव में रक्त शाखा में पहुंचकर रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. रासेयो के 6 के स्वयंसेवक, एनसीसी के 5 एवं रेडक्रास के 4 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया. संस्था के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर ने सभी विद्यार्थियों की प्रसंशा की और कहा कि इतने भीषण गर्मी में भी आप विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान कर अति प्रसंसनीय कार्य किया गया.